हिन्दी दैनिक

# देश की उपासना

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–195 : जौनपुर, सोमवार 08 नवंबर 2021 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## पं. छन्नूलाल मिश्र को मिला पद्म विभूषण सम्मान : कल बनारस को मिलेंगे तीन और पद्मश्री

वाराणसी ब्यूरो : किराना घराना, बनारस गायकी और ठुमरी के लब्ध प्रतिष्ठ गायक पद्म भूषण अलंकरण से सम्मानित पं. छन्नूलाल मिश्र अब पद्म विभूषण से भी सम्मानित हो गए। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में महामहिम रामनाथ कोविंद ने कला के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए पं. छन्नूलाल मिश्र को पद्म विभूषण पुरस्कार से सम्मानित किया। समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहे। इस सम्मान की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी लेकिन कोरोना संक्रमण के कारण समारोह का आयोजन नहीं किया गया था। सोमवार को राष्ट्रपति भवन के ऐतिहासिक दरबार हॉल में आयोजित भव्य समारोह में राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करने वाले 141 लोगों को वर्ष 2020 का पद्म पुरस्कार प्रदान किया। भारत रत्न के बाद देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कार मंगलवार को भी प्रदान किए जाएंगे। मंगलवार को 2021 के लिए 119 लोगों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। इन तीन लोगों मिलेगा पद्मश्री सम्मान। जिसमें काशी की तीन विभूतियों को पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। इसमें प्रो. रामयत्न शुक्ल, किसान चंद्रशेखर सिंह और डोमराजा स्व. जगदीश चौधरी शामिल हैं। काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष प्रो. रामयत्न शुक्ल को संस्कृत की सेवा के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। वहीं किसान चंद्रशेखर सिंह को कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए पद्मश्री सम्मान दिया जाएगा। डोम राजा स्व. जगदीश चौधरी को मरणोपरांत पद्म श्री सम्मान दिया जाएगा। उनके पुत्र ओम चौधरी (16) राष्ट्रपति द्वारा नौ नवंबर को राष्ट्रपति भवन में पद्मश्री सम्मान ग्रहण करेंगे। देश–दुनिया में प्रसिद्ध हैं पं. छन्नूलाल मिश्र। पं. छन्नूलाल मिश्र को इससे पूर्व 31 मार्च 2010 को तत्कालीन राष्ट्रपति प्रतिभा देवी पाटिल ने पद्मभूषण से अलंकृत किया था। वह शास्त्रीय संगीत के चंद ऐसे कलाकारों में हैं



जिन्हें पद्मश्री के बजाय पद्मभूषण प्रदान किया गया। पद्मभूषण के बाद पद्मविभूषण सम्मान मिलने से बनारस घराने के सम्मान में बढ़ोतरी हुई है। पं. छन्नूलाल मिश्र को खयाल, ठुमरी, भजन, दादरा, कजरी और चौती जैसे लोकगीत विधाओं के गायन के लिए देश–दुनिया में जाना जाता है। तीन अगस्त 1936 को आजमगढ़ में जन्मे पं. छन्नूलाल मिश्र को वर्ष 2010 में पद्मभूषण और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व यश भारती से भी सम्मानित किया जा चुका है। छन्नूलाल मिश्र ऑल इंडिया रेडियो और दूरदर्शन में शीर्ष ग्रेड कलाकार रह चुके हैं। वह संस्कृति मंत्रालय के सदस्य भी रहे हैं। उनके दादा गुदई महाराज शांता प्रसाद प्रसिद्ध संगीतकार थे। छह साल की उम्र से ही पं. मिश्र ने अपने पिता बद्री प्रसाद मिश्र से संगीत की शिक्षा लेनी शुरू कर दी थी। किराना घराने के उस्ताद अब्दुल गनी खान से भी उन्होंने शिक्षा ली।

## काशी में कालिया नाग के अहंकार का मर्दन करेंगे कान्हा : देंगे पर्यावरण स्वच्छता का संदेश

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में गंगा की लहरों पर कान्हा कालिया नाग को नथकर उसके अहंकार का मर्दन करेंगे। काशी के लक्खा मेले में शुमार नागनथैया लीला का मंच तैयार हो गया है। तुलसीघाट पर रविवार को संकटमोचन मंदिर के महंत की निगरानी में नागनथैया की लीला को अंतिम रूप दिया गया। सोमवार को नटवर नागर भगवान कृष्ण कालिया नाग को नथकर नदियों की स्वच्छता का संदेश देंगे। लीला की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण और बाल सखाओं की कंदुक क्रीड़ा से होगी। संकट मोचन मंदिर के महंत प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्र ने बताया कि सोमवार को कदम की डाल गंगा तट पर सजा दी जाएगी। तुलसी घाट पर करीब 12 फीट लंबे कालिया नाग के प्रतिरूप का रंग–रोगन कर बांस की बीट पर सजाया गया है। सुरक्षा के लिहाज से नगर निगम की ओर से अस्सी घाट से लेकर तुलसी घाट तक सीढ़ियों पर बैरिकेडिंग की गई है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए गलियों में आने जाने वाले मार्ग पर बैरिकेडिंग की गई है। बैरिकेडिंग के पास पुलिस, जल पुलिस और एनडीआरएफ के जवान तैनात रहेंगे। मेला को संपन्न कराने के लिए तुलसी घाट के दाहिने और बाएं गंगा में दो पीपा पुल बनाए गए हैं। इसके मध्य काशी नरेश परिवार के अनंत नारायण सिंह नौका में सवार होकर नागनथैया लीला देखेंगे और काशी की जनता का अभिवादन करेंगे।

## गुजरी है सारी उम्र तिनकों को संजाने में...निश्चित नहीं ठिकाना जहां मैं ठहर जाऊं : हिन्दी साहित्य समिति में उड़ान कवि सम्मेलन सम्पन्न

इंदौर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) साहित्य समिति में उड़ान कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। विशेष अतिथि डॉ. अरविंद घनघोरिया जी (सर्जरी विभाग प्रमुख एम व्हाय हास्पीटल) एवं राष्ट्रवादी लेखक तथा मुख्य अतिथि डॉ. आर के बघेरवाल जी, विभागाध्यक्ष औषधी विभाग, पशुपालन महाविद्यालय महू के सानिध्य में आयोजन ने नई ऊँचाईयां हासिल की। युवा ओज कवि राहुल बजरंगी जी को कोरोना योध्दा काव्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। विद्यांजलि भारत मंच के बैनर तले उड़ान कवि ने खासी प्रसिध्दी पाई। कवि सम्मेलन के पहले कवि शिवा इंदौरी ने श्रौताओ को खूब हंसाया। सुधाकर मिश्रा जी ने मां पर गीत पढ़कर भाव–विभोर कर दिया। अतुल दवे जी के मधूर कंठ से उद्गारीत गीतों ने काव्य रसिक श्रौताओं को झूमने पर विवश कर दिया। मनोहरलाल सोनी बाबा ने सबरस के काव्य व्यंजन परोस कर एक बार फिर अपनी बहुद्देशीय काव्य प्रतिभा का लोहा मनवाया। देवीका जी की छंदमुक्त कविता ने विचारणीय स्थिति में ला खड़ा किया। समसामयिक और ज्वलंत विषयों पर कविता पढ़ रही विनिता सिंह चौहान जी के काव्यपाठ पर देर तक तालियां बजती रही। युवा शघयर आला चौहान मुसाफिर ने ताजातरिन शघयरी पढ़कर वाह–वाही



लुटी। दामोदर विरमाल जी के खूबसूरत मुक्तकों ने बहुत सराहना पाई। जितेन्द्र शिवहरे के कुशल संचालन और देविका खरे जी के आभार प्रदर्शन के बाद उड़ान कवि सम्मेलन समाप्त हुआ। इस अवसर पर श्रौता में से दो कवियों को भी काव्यपाठ का अवसर दिया गया। इनका चयन लाटरी द्वारा किया गया। आशिष पंवार एवं सुभाष गगन ने छुपे रूस्तम कवि के रुप में काव्यपाठ किया एवं सम्मानपत्र प्राप्त किया। इस अवसर पर शहर के कई रसिक श्रौता उपस्थित थे।

## विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में पीयू के तीन शिक्षक शामिल : कुलपति प्रो.निर्मला एस. मौर्य ने तीनों शिक्षकों को दी बधाई

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों ने विश्व के शीर्ष वैज्ञानिकों की सूची में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इन वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि से वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय का सम्मान बढ़ा है। स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए और एलसेवियर बी वी द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिको की सूची में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तीन शिक्षकों जिसमें विज्ञान संकाय की पूर्व संकायाध्यक्ष, बायोटेक्नोलॉजी विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष और शिक्षक श्री पुरस्कार से सम्मानित प्रो. वंदना राय, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कुमार और केमिस्ट्री विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मिथिलेश यादव ने जगह बनाई है। अक्टूबर 2021 को प्रकाशित स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी, यूएसए और एलसेवियर बी वी और प्लॉस बायोलॉजी के सहयोग से विशेषज्ञों द्वारा बनाये गए " मानकीकृत उद्धरण संकेतकों के अध्यतन विज्ञान– व्यापी लेखक डेटाबेस" में विश्व के 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची बनाई गयी है। यह चयन सी स्कोर(स्व– उद्धरण के साथ और बिना) या दो प्रतिशत या उससे अधिक के प्रतिशत रैंक द्वारा 100000 पर आधारित है। प्रो. वंदना राय व डॉ. प्रदीप कुमार पिछले दो दशक से भी अधिक समय से बायोटेक्नोलॉजी में मानव



आण्विक आनुवंशिकी में मुख्य रूप से महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्र की जनता के स्वास्थ्य संबंधी विषयों व विशेषकर फोलिक एसिड से संबंधित जींस पर कार्य कर रहे है। डॉ. मिथिलेश यादव एक दशक से भी अधिक समय से पोलिमर केमिस्ट्री के क्षेत्र में कार्य कर रहे है। तीनों शिक्षकों की इस उपलब्धि ने विश्वविद्यालय की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान बढ़ाया है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि यह उपलब्धि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के परिवार के लिए सम्मान और प्रतिष्ठा की बात है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों कर्मचारियों व छात्र छात्राओं ने तीनों शिक्षकों को बधाई दी हैं।

## चुनाव कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने का एसडीएम सहजनवा ने पत्र किया अग्रसारित

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्य उप जिलाधिकारी सहजनवा सुरेश राय द्वारा बूथों का भ्रमण कर कार्यो व उपस्थित विधवत निरीक्षण किया गया अनुपस्थित रहने वाले सुपरवाइजर व बीएलओ के ऊपर सख्त कार्रवाई तत्काल की गई जिससे आगामी 2022 विधानसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने में आगे कोई व्यवधान ना हो सके इसी तरह सभी तहसीलों में कार्यवाही जरूरी है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / अतिरिक्ति सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी / खण्ड विकास अधिकारी सहजनवा , पाली पिपरौली व अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अनुपस्थित पाये गये तथा कुल 14 सुपरवाईजर व 08 बी ० एल ० ओ ० क्रमशः बूथ संख्या 123 श्रीमती कंचनलता सिंह शिक्षा मित्र , बूथ संख्या 94 श्रीमती मीरा राय आंगनबाडी , बूथ संख्या 150 श्रीमती मीरा मिश्रा आंगनबाडी , बूथ संख्या 151 श्रीमती रूपा देवी आंगनबाडी , बूथ संख्या 228 श्रीमती ज्योति पाण्डेय शिक्षा मित्र , बूथ



संख्या 210 श्रीमती पुष्पा यादव शिक्षा मित्र , बूथ संख्या 222 श्रीमती सुधा देवी शिक्षा मित्र , बूथ संख्या 227 सुनील कुमार पंचायत मित्र अनुपस्थित पाये गये । अनुपस्थित सुपरवाईजर / बी ० एल ० ओ ० को निलम्बित किये जाने हेतु संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित कर दिया गया है व अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के संबंध मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी गोरखपुर को पत्र प्रेषित कर दिया गया है

## सात साल में पूरा नही हो सका सरयू नदी के कम्हरिया घाट पर निर्माणाधीन पुल

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : सरयू नदी के कम्हरिया घाट पर निर्माणाधीन पुल सुस्त रफ्तार का शिकार होकर रह गया है। निर्माण कार्य शुरू हुए लगभग सात वर्ष बीत जाने के बावजूद अब तक कार्य अधूरा पड़ा है। पुल में कुल 46 पिलर का निर्माण होना था, लेकिन अब तक 39 पिलर ही बन सके हैं। सात पिलर अब तक नहीं बन सके हैं। जबकि पुल के निर्माण कार्य को वर्ष 2017 में ही पूरा हो जाना था। पुल का निर्माण कार्य पूरा न होने से लगभग 50 हजार की आबादी को आवागमन के संकट से जूझना पड़ रहा है। अतिरिक्त दूरी का चक्कर लगाने के लिए भी उन्हें विवश होना पड़ रहा है।सरयू नदी के कम्हरिया घाट पर करोड़ों की लागत से वर्ष 2014 में पुल का निर्माण हुआ था। पुल में कुल 46 पिलर का निर्माण होना है। निर्माण का जिम्मा सेतु निगम विभाग द्वारा मित्तल कंपनी व आरके कंपनी को दिया गया है। अब तक गोरखपुर जनपद की ओर से 34 पिलर, जबकि अंबेडकरनगर जनपद की तरफ से 5 पिलर ही बनाए गए हैं। इन पिलर पर छत भी लग चुकी है। लेकिन सरयू नदी के बीच धारा में बनने वाले 7 पिलर का निर्माण कार्य अब तक नही हो सका है। निर्माण कार्य जहां तीन वर्ष में वर्ष 2017 में पूरा हो जाना था, वहीं करीब 7 वर्ष बाद भी अब तक पुल का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका। इससे अंबेडकरनगर व गोरखपुर के अलावा आसपास के कई जनपदों के नागरिकों को सुचारु आवागमन में व्यवधान हो रहा है। नागरिकों को 30 से 40 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी का चक्कर लगाना पड़ रहा है। लोगों



का कहना है कि तमाम शिकायतों के बावजूद निर्माण कार्य में गति नही आ रही है। बताया जाता है कि पुल निर्माण की मांग को लेकर सर्वहित बैनर तले धरना प्रदर्शन भी हुआ था। तब प्रदर्शनकारी ने सरयू नदी में जल समाधि लेने का निर्णय कर लिया था, बाद में मामला टल गया था। पुल के न बनने से अंबेडकरनगर व गोरखपुर के अलावा आजमगढ़, जौनपुर, इलाहाबाद, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ व महाराजगंज आदि जनपद के नागरिकों को आवागमन में दिक्कत होती है। अधिक दूरी तय करने से न सिर्फ उनका समय बर्बाद होता है, बल्कि अतिरिक्त खर्च भी आता है। नागरिकों ने शासन से पुल निर्माण को जल्द पूरा कराने की मांग की है। उधर, मामले में अधिशाषी अभियंता एके वर्मा ने बताया कि जरूरी प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dkulive चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## बच्चों में नैतिक मुल्यों का विकास हेतु दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजन सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज दिनांक–08.11.2021 को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर के प्रांगण में बेसिक शिक्षा



विभाग,जौनपुर एव एडुस्टफ द्वारा शिक्षकों के नवाचारी प्रयास एवं बच्चों में नैतिक मुल्यों का विकास हेतु दो दिवसीय राज्य स्तरीय संगोष्ठी आयोजन का जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा व पुलिस अधीक्षक श्री अजय साहनी जौनपुर द्वारा शुभांरम्भ किया गया।

## 9 नवंबर को उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक भर्ती 2016 के प्रशिक्षु दरोगा बावर्दी मांगेंगे भिक्षा

आर एल पाण्डेय लखनऊ। धरना स्थल पर बैठे विजय यादव ने बताया कि प्रशिक्षुओं का धरना अनवरत 74 दिनों से चल रहा परन्तु सरकार को इस बात से कोई फर्क नही है जबकि हमारी दुविधामय स्थिति के जिम्मेदार सरकार ही है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षुओं ने बैठक कर यह निश्चय लिया है कि जबतक हमारी नियुक्ति का रास्ता साफ नही हो जाता तब तक लगातार प्रशिक्षु भिक्षाटन करके जीवन यापन करेंगे। भिक्षाटन का प्रारम्भ 9 नवम्बर से प्रारम्भ होगा जिसमें सभी प्रशिक्षु अपनी प्रशिक्षण के दौरान प्रदान की हुई वर्दी धारण करेंगे।

## तहसील शाहगंज के मंडी परिसर में संपूर्ण समाधान का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में तहसील शाहगंज के मंडी परिसर में संपूर्ण समाधान का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 57 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 12 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, शेष शिकायतों को जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को प्रेषित करते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कोई भी शिकायत लंबित न रहे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय साहनी, उपजिलाधिकारी शाहगंज नितिश सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ लक्ष्मी सिंह, जिला विकास अधिकारी बी.बी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## काशी क्षेत्र के चुनाव प्रबंधन टीम की बागडोर संभालेंगे अमित शाह : 71 विधानसभा प्रभारियों के साथ करेंगे बैठक

वाराणसी ब्यूरो : मिशन पूर्वांचल पर 12 नवंबर को वाराणसी आ रहे गृहमंत्री अमित शाह बूथ स्तर से लेकर विधानसभा प्रभारियों तक से फीडबैक लेंगे। भाजपा की चुनाव प्रबंधन टीम के साथ बैठक में भाग लेने से पहले वे विधानसभा प्रभारियों से फीडबैक लेंगे। इसके बाद बूथ प्रभारियों की चुनावी



तैयारियों की समीक्षा करेंगे। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पूर्वांचल की सियासी जमीन को मजबूत करने के लिए 12 नवंबर से तीन दिन तक भाजपा की चुनाव प्रबंधन टीम वाराणसी में सक्रिय रहेगी। इसमें 71 विधानसभाओं में सक्रिय दावेदारों की रिपोर्ट कार्ड भी बनवाई जा रही है। भाजपा के उच्च पदस्थ सूत्र बताते हैं कि इस मंथन के बाद 71 सीटों पर प्रत्याशियों की स्थिति पार्टी स्तर पर साफ होगी। दरअसल, विपक्ष की सक्रियता को मात देने के लिए नई रणनीति बना रही भाजपा काशी क्षेत्र में किसी तरह की चूक से बचना चाहती है। चुनाव प्रबंधन टीम करेगी एक–एक सीट की समीक्षा। यही कारण है कि काशी क्षेत्र के चुनाव प्रबंधन टीम की बागडोर अमित शाह खुद संभालने की तैयारी में हैं। कारण, वर्ष 2014 व 2019 की लोकसभा और वर्ष 2017 की विधानसभा के परिणाम का श्रेय अमित शाह के कुशल प्रबंधन को दिया जाता है। विधानसभा प्रभारियों की जिम्मेदारी वाले पदाधिकारियों को भी पूरी तैयारी का निर्देश दिया गया है। माना जा रहा है कि कई स्तर की समीक्षा के बाद भाजपा यहां अपनी कार्ययोजना बनाएगी। उधर, चुनाव प्रबंधन टीम 14 नवंबर तक यहां रुककर एक–एक सीट की समीक्षा करेगी।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

पाप बुरा है लेकिन पुण्य का अहंकार भी तो बुरा होता है–

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# भविष्य के युद्ध तय करेंगे ड्रोन, भारत कितना तैयार?

छोटे आकार के ड्रोन आपात स्थितियों में दुर्गम क्षेत्रों में चिकित्सा एवं खाद्य सामग्री के पैकेट पहुंचाने में बेशक उपयोगी हों, लेकिन आतंकवादी एवं उनके आका भी अपने नापाक इरादों की पूर्ति के लिए इनका इस्तेमाल करते हैं। साफ है कि पाकिस्तान की समानांतर सत्ता ने जम्मू में भारतीय वायुसेना के अड्डे पर दोहरे हमलों के जरिये यही काम किया है। यह अलग बात है कि इन हमलों के पीछे पाकिस्तान की भूमिका के बारे में भारत ने अभी तक औपचारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। आखिर उन्होंने छोटे ड्रोन का उपयोग क्यों किया, जिसका पता लगाना आसान था?

दरअसल हमले का पैमाना छोटा होने के कारण अपना हाथ होने से इनकार करना आसान था। साथ ही, इन हमलों के जरिये आतंकियों ने खासकर जम्मू–कश्मीर में खतरे की आशंका को और बढ़ा दिया, जहां भारतीय सेना पहले से ही तनाव में है। इसके अलावा, चूंकि नियंत्रण रेखा पर युद्धविराम अभी जारी है, ऐसे में यह हमला पाकिस्तान के भीतर के कट्टरपंथियों द्वारा (जो जनरल बाजवा की शांति पहल का विरोध करते हैं) भारत में सक्रिय अपने गुर्गों और कश्मीर घाटी में उनसे सहानुभूति रखने वालों को यह बताने का एक प्रयास था कि पाकिस्तान की सेना ने उन्हें पूरी तरह से त्याग नहीं दिया है और घाटी में नई दिल्ली की किसी भी राजनीतिक पहल का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

खास बात यह है कि गर्मियों के इन महीनों में पाक सेना आमतौर पर घुसपैठ पर नजर रखने वाले भारतीय सैनिकों का ध्यान भटकाने के लिए नियंत्रण रेखा के पार प्रशिक्षित और सशस्त्र आतंकवादियों को भारी गोला–बारूद के साथ भेजती है। लेकिन युद्धविराम के दौर में ड्रोन हमले अब नियंत्रण रेखा पर दूसरे क्षेत्र से घुसपैठ को सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय सेना का ध्यान भंग करेंगे। जम्मू हवाई अड्डे पर यह अपनी तरह का पहला हमला था, लेकिन आगे भी ऐसे हमले हुए, तो तनाव बढ़ सकता है। नियंत्रण रेखा के पार हथियारों की खेप पहुंचाने और पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार ड्रग्स भेजने के लिए पाकिस्तान 2020 के उत्तरार्ध से ही ड्रोन का इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि इससे पहले उस पार से आए ड्रोनों को भारतीय सैनिकों ने देखने पर निष्प्रभावी भी किया है।

बात सिर्फ यही नहीं है कि भारत ड्रोन का आक्रामक इस्तेमाल नहीं करता, भारतीय सुरक्षा बलों के लिए चुनौती यह भी है कि हमलावर ड्रोन इतने छोटे हैं कि वे वायुसेना के अड्डे पर लगे रडार की पकड़ में नहीं आते। वे अक्सर पक्षियों की तरह गुजर जाते हैं और चूंकि ड्रोन को बड़ा खतरा नहीं माना गया, इसलिए भारतीय प्रतिष्ठान पिछले युद्ध में जहाजों, विमानों एवं मिसाइलों के साथ तैयारी में लगा था और ड्रोन की उसने अनदेखी की। अगर उन्होंने आधुनिक युद्ध के तौर–तरीकों का अध्ययन किया होता, तो उन्हें मालूम चलता कि कम से कम पिछले एक दशक से यह स्पष्ट था कि भविष्य के संघर्षों में ड्रोन का अधिक इस्तेमाल होगा।

जनवरी 2018 में, 13 सशस्त्र, फिक्स्ड–विंग मानव रहित हवाई वाहनों के बेड़े ने (जिन्हें आमतौर पर ड्रोन के रूप में भी जाना जाता है) भूमध्य सागर स्थित टार्टस में रूसी नौसैनिक अड्डे पर हमला किया था। सतर्क रूसी सेना ने न केवल उन्हें खदेड़ दिया था, बल्कि उस साल उसने लगभग 47 ड्रोनों को मार गिराया था। चूंकि वे हमले सैन्य ठिकानों पर किए गए थे, इसलिए उनका मुंहतोड़ जवाब दिया गया था, लेकिन असैन्य ठिकानों पर ड्रोन हमलों का भीषण नतीजा सितंबर, 2019 में देखा गया। तब सऊदी अरब की अबकैक तेल रिफाइनरी पर ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए ड्रोन हमलों ने दुनिया को झकझोर दिया था। उस हमले ने तेल की कीमत बढ़ाने के साथ सैन्य विश्लेषकों को सैन्य एवं नागरिक ठिकानों पर हमला करने वाले ड्रोनों के बेड़ों का मुकाबला करने के तरीके खोजने के लिए भी विवश किया।

अमेरिकी ड्रोन ने अफगानिस्तान में अपने 15 साल के सैन्य अभियान में अफगान–पाक क्षेत्र में अल कायदा और तालिबान के ठिकानों के खिलाफ सैकड़ों हमले किए। आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच का हालिया युद्ध ड्रोन के जरिये ही जीता गया था। तब पाक सैन्य पर्यवेक्षक युद्ध के मैदानों के पास मौजूद थे–शायद तुर्की ने उन्हें सबक सीखने के लिए प्रेरित किया। और रिपोर्टें भी बताती हैं कि पाकिस्तान ड्रोन खरीदने के लिए तुर्की और इस्राइल की मदद ले रहा है, जैसे उसने कुछ वर्षों तक चीन की मदद ली, जो छोटे आकार के ड्रोन का सबसे बड़ा निर्माता है। खबरें हैं कि चीन ने भी अपने सैन्य एजेंडे के लिए या पाकिस्तान को ड्रोन का उपयोग करने देने के लिए इसका अध्ययन किया है, ताकि चीन और पाकिस्तान के दो मोर्चों पर से भारत का ध्यान हटाया जा सके।

यह कहना जल्दबाजी होगा कि ड्रोन ही भविष्य के सभी युद्धों के नतीजे तय करेगा, क्योंकि ड्रोन शत्रु पक्ष को पहाड़ियों तथा सीमाओं पर सैनिकों के समूह पर हमला करने में तो मददगार हो सकते हैं, लेकिन अंततः शत्रु पक्ष को अपने सैनिकों को सामरिक रूप से कब्जे वाले इलाकों में कब्जे के लिए भेजने की आवश्यकता होगी, जैसे कि चीन को वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करने की आवश्यकता होगी। यहां भारत की तरह एक प्रशिक्षित और दृढ़ निश्चयी सेना निश्चित रूप से अपनी पकड़ बना सकती है। खबरें बताती हैं कि भारत का रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ड्रोन और ड्रोन–विरोधी तकनीकों की दौड़ में स्पष्ट रूप से पीछे है।

कुछ अल्प विकसित प्रौद्योगिकियां भारत में जरूर हैं, पर पूरी सेना में ड्रोन विरोधी तकनीक के इस्तेमाल पर अमल में कुछ साल लग सकते हैं, क्योंकि इसके लिए बड़े यूएवी को इंटरसेप्ट करने के विपरीत छोटे ड्रोन का पता लगाने और इंटरसेप्ट करने की क्षमता की आवश्यकता होगी। अर्न्स्ट ऐंड यंग तथा फिक्की द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ड्रोन सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लिहाजा इनकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। लेकिन सरकार की सुस्त मशीनरी ने अभी तक उस सुझाव पर अमल नहीं किया है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## देश के युवाओं की आशा अखिलेश यादव– आदर्श

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर समाजवादी लोहिया वाहिनी के नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव आदर्श दीपक मिश्रा ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि देश के युवाओं की आशा अखिलेश यादव हैं उत्तर प्रदेश का नौजवान अखिलेश यादव की ओर भरी निगाहों से देख रहा है भाजपा सरकार लगातार नौजवानों का शोषण कर रही है सपा सरकार आने पर नौजवानों को रोजगार मिलेगा और सम्मान भी , 2022 के महत्वपूर्ण चुनाव में समाजवादी लोहिया वाहिनी गांव–गांव जाकर अपनी सरकार की उपलब्धियों को जनता को बताने का काम करेगी और वर्तमान सरकार की असफलताओं को जनता के बीच जाकर उजागर करेंगे |समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा जीतू ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव जी का एवं लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय प्रदीप तिवारी जी का धन्यवाद व्यक्त करता हूं |जिन्होने हरदोई जनपद के युवा नेतृत्व करता जो लगातार कई वर्षों से पार्टी में विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी को मजबूत करने का काम कर रहे हैं आदर्श दीपक मिश्रा एडवोकेट को समाजवादी लोहिया वाहिनी मे राष्ट्रीय सचिव बनाकर जो सम्मान पार्टी ने दिया है वह सिर्फ हरदोई ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश मे काम करने वाले नौजवानों का सम्मान है मुझे आशा है की आदर्श दीपक मिश्र लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव पद पर रहकर जनपद हरदोई से लेकर पूरे प्रदेश में युवाओं को जोड़कर 2022 में अखिलेश यादव जी की



सरकार बनाने में अहम कड़ी बनेंगे जनपद हरदोई संगठन माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का बहुत आभार व्यक्त करती है प्रेस वार्ता कार्यक्रम में प्रमुख रुप से लोहिया वाहिनी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल सिंह बीरू, प्रबुद्ध सभा के प्रदेश सचिव अवनी कांत बाजपेई ,वरिष्ठ नेता पहलाद मिश्रा, जिला अध्यक्ष युवजन सभा हरिनाम सिंह यादव प्रबुद्ध सभा के जिला अध्यक्ष प्रशांत मिश्रा, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष फैजान अहमद जिला उपाध्यक्ष विजय पांडे सपा नेता रफीक लंबू सपा नगर अध्यक्ष रियासत खान अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष सईद अहमद जिला सचिव सपा कपिल सिंह अभिनव राजपूत सपा नेता नरेश कश्यप मोहित अवस्थी रामनरेश ,मोहम्मद अली ,नवाज कासिम, राम सुत श्रीवास्तव जिला पंचायत प्रत्याशी सुनील वर्मा, मुकीम सिद्दीकी, सुयश मिश्रा ,यतेंद्र मोहन यादव, अयूब खान मुईद खान ,रामजी अबस्थी सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एटीएस का दावा– अलकायदा से जुड़ रहे अवैध धर्मांतरण के तार :उमर और कलीम के खाते में आए 79 करोड़ रुपये

लखनऊ ब्यूरो : एटीएस का दावा है कि अवैध धर्मांतरण के तार पाकिस्तानी आतंकी संगठन अल कायदा से जुड़ रहे हैं। एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार ने दावा किया है कि इस मामले में पूर्व में महाराष्ट्र से गिरफ्तार एडम और कौसर आलम के पास से जो साक्ष्य मिले हैं, उससे पता चला है कि दोनों जिहाद की हिंसात्मक विचारधारा से प्रभावित व पोषित हैं। इसके अलावा कई ऐसे धार्मिक साहित्य जिनका संबंध अल कायदा जैसे आतंकी समूह से रहा है, उनसे भी दोनों का प्रभावित होना पाया गया है। एडीजी ने बताया कि जून में धर्मांतरण के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ था। मुख्य सरगना मौलाना उमर गौतम और कलीम सिद्दीकी समेत 16 आरोपियों को अलग अलग दिनों में अलग–अलग जगहों से गिरफ्तार किया जा चुका है। उमर का बेटा अब्दुल्ला इस सिंडिकेट में शामिल जहांगीर आलम, कौसर व फराज शाह से सीधे व सक्रिय रूप से संपर्क में रहा है। एडीजी ने बताया कि पूर्व में गिरफ्तार उमर गौतम और कलीम सिद्दीकी के खातों में 79 करोड़ रुपये की फंडिंग के साक्ष्य मिले हैं। इसमें उमर गौतम के खातों से 57 करोड़ और कलीम के खातों से 22 करोड़ रुपये



मिले हैं। उमर और कलीम दोनों को ही लगभग एक जैसे संगठनों से ही फंडिंग हुई है। इनके और इनकी संस्थाओं के खातों में ब्रिटेन, अमेरिका व अन्य खाड़ी देशों से भी भारी मात्रा में हवाला व अन्य माध्यमो से पैसों के आने का प्रमाण मिला है।

## वैज्ञानिकों की विश्व स्तरीय सूची में पीजीआई के प्रो. धीमान सहित 13 विशेषज्ञ शामिल

लखनऊ ब्यूरो : एसजीपीजीआई के निदेशक प्रो. आरके धीमान सहित यहां के 13 विशेषज्ञों को अंतरराष्ट्रीय स्तरीय वैज्ञानिकों की सूची में शामिल किया गया है। इन्होंने चिकित्सा के साथ शोध के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य किया है। कैलिफोर्निया के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की ओर से जारी दुनिया के शीर्ष दो फीसदी वैज्ञानिकों की सूची में एसजीपीजीआई के निदेशक और हेपटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राधा कृष्ण धीमान का भी नाम है। इसके अलावा रेडियोडायनोसिस विभाग के सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. राकेश कुमार गुप्ता, न्यूरोलॉजी के सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. यूके मिश्रा, मेडिकल जेनेटिक्स की प्रो. डॉ. सरिता अग्रवाल, गैस्ट्रो सर्जरी के सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. विनय कपूर, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के प्रोफेसर और वर्तमान में जिपमेर पांडिचेरी के डायरेक्टर प्रो. राकेश अग्रवाल, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. उदय चंद्र घोषाल, न्यूरोलॉजी की प्रो. जयंती कालिता, पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. उज्ज्वल



पोद्दार, एंडोक्राइन सर्जरी के प्रो. गौरव अग्रवाल, नेफ्रोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रो. नारायण प्रसाद, मॉलिक्यूलर मेडिसिन एंड बायोटेक्नोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर आलोक कुमार और एंडोक्राइनोलॉजी के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रोहित सिन्हा शामिल हैं।

## सहारा इंडिया से धोखाधड़ी कर करोड़ों उड़ाए : कंपनी के ही दो अधिकारियों पर आरोप

लखनऊ ब्यूरो : सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के दो अधिकारियों पर फर्जीवाड़ा कर कंपनी को करीब 9.38 करोड़ रुपये की चपत लगाने का आरोप है। सहारा इंडिया के चीफ फाइनेंस ऑफिसर ने अलीगंज थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। बाद में उन्होंने कोर्ट में याचिका दायर की। अब कोर्ट के आदेश पर अलीगंज पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। सहारा इंडिया के चीफ फाइनेंस ऑफिसर संतोष कुमार मिश्र के मुताबिक, वर्ष 2008 में कंपनी के निदेशक मंडल ने निर्णय लिया था कि बैंकों में आवश्यकतानुसार कलेक्शन व करंट खाता खुलवाया जाए। इसका अधिकार कंपनी के चीफ एक्जीक्यूटिव व चीफ मार्केटिंग ऑफिसर के साथ ही चीफ फाइनेंस ऑफिसर संजय अग्रवाल को भी प्राप्त था। संजय के हटने के बाद ईश्वरचंद्र राय को चीफ फाइनेंस ऑफिसर बनाया गया। ईश्वरचंद्र एक नवंबर 2013 से 11 अगस्त 2018 तक इस पद पर तैनात रहे। आरोप है कि इसी समयावधि में कंपनी से नौ करोड़, 38 लाख, 40 हजार, 144 रुपये फर्जीवाड़ा कर निकाल लिए गए। ये रकम चेक, कैश, डिमांड ड्राफ्ट और आरटीजीएस के जरिये निकाली गई। वर्तमान चीफ फाइनेंस ऑफिसर संतोष कुमार मिश्र के मुताबिक, संजय अग्रवाल व ईश्वरचंद्र राय, आपसी मिलीभगत से साजिश के तहत रुपये निकालते रहे और गलत रिपोर्ट तैयार कर धोखाधड़ी को छिपाते रहे।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री चित्रगुप्त महोत्सव : सामूहिक कलम दवात पूजा का हुआ आयोजन

देहरादून। जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान चित्रगुप्त जयंती को सामुहिक कलम दवात पूजा का आयोजन कर ''श्री चित्रगुप्त महोत्सव'' के रूप में राजपुर रोड स्थित सांई मन्दिर में भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा के सम्मुख मनाया गया। इससे पूर्व सांई मन्दिर में भगवान चित्रगुप्त जी का अभिषेक एएस वर्मा , डा ज्योति श्रीवास्तव और रवि शरण के द्वारा किया गया वही रीठा मंडी स्थित शिव मन्दिर में सुशील सक्सेना और जीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हवन–पूजन और यज्ञ के साथ किया गया जो भंडारे के साथ संपन्न हुआ । प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवस्तान ने बताया की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा सामूहिक कमल दवात पूजन कराने का मुख्य उद्देश्य आज की यूवा पीढ़ी को अपनी पुरानी संस्कृति विरासत को समझना व परांम्परा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा की कलम दवात का पूजन केवल मात्र कायस्थ समाज से संम्बधित नही है बल्कि यह पर्व समाज के सभी वर्गो, जाति व समुदाय के लोगो के लिए महत्तवपूर्ण है। पौराणिक मान्यतानुसार जब मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम जी का राज्यभिषेक हो रहा था जिसमे श्री भगवान चित्रगुप्त जी को निमंत्रण नहीं दिया गया उससे नाराज हो कर भगवान चित्रगुप्त ने लोगों के कर्मो का हिसाब आदि लिखना बंद कर दिया । इस स्थिति को समझते हुए श्री राम ने चित्रगुप्त भगवान जी से क्षमा मांगी और तभी से मान्यता चली आ रही है कि दिपावली से तीसरे दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि को कलम दवात पूजा के रूप में मनाया जाता है। यह त्यौहार उत्तराखंड , उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान



आदि राज्यों में सामूहिक रूप से भागवान चित्रगुप्त जी की प्रतिमा या चित्र के सम्मुख बड़े हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इसी परामप्रा के तहद अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ईकाईओ के द्वारा देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, हल्द्वानी, रूद्रपुर आदि शहरों में धूम धाम से आयोजित किया गया । हवन पूजन के बाद प्रसाद वितरण के साथ भंडारे का आयोजन भी किया गया तथा महासभा ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को कलम प्रसाद स्वरूप भेंट किया गया |कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पक ज्योति सपरिवार सहित महासचिव सर्वेश माथुर , कोषाध्यक्ष हितेन्द्र सक्सेना , सुशील सक्सेना प्रदेश सह संगठन मंत्री , श्रीमती अनिता सक्सेना प्रदेश अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव प्रदेश महासचिव, महिला प्रकोष्ठ, श्रीमती नीतू श्रीवास्तव प्रदेश संगठन मंत्री महिला प्रकोष्ठ ,कमल भटनागर प्रदेश उपाध्यक्ष ,विक्रम श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता , प्रदीप कुलश्रेष्ठ जिला उपाध्यक्ष , जीतेन्द्र श्रीवास्तव जिला अध्यक्ष, नितिन श्रीवास्तव महासचिव युवा , श्रीमती सोनी सक्सेना, कर्नल रोहित श्रीवास्तव , श्रीमती सीमा माथुर, श्रीमती किरन श्रीवास्तव, पुरुषोत्तम भट्ट ,नितिन अग्रवाल , सच्चर आदि लोग उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन पियूष निगम द्वारा किया गया । कार्यक्रम में भजन गायक बृजेश शुक्ला व पूजा पाठ आचार्य शशिकांत दुबे द्वारा किया गया । कार्यक्रम के दौरान कोरोना काल में किए गए योगदान के लिए कई लोगो को सम्मानित किया गया वही मिशन एक लाख अभियान के तहद तुलसी जी की आर्गेनिक पौधे का वितरण भी किया गया।

## थाना पारा की अलग अलग पुलिस टीमों ने 31 अभियुक्तों को जुआ खेलते हुए भिन्न भिन्न स्थानों से किया गिरफ्तार

आर एल पाण्डेय लखनऊ। पुलिस आयुक्त लखनऊ डी०के० ठाकुर के निर्देशन में पुलिस उपायुक्त दक्षिणी गोपाल कृष्ण चौधरी के मार्गदर्शन में अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी राजेश श्रीवास्तव व सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी आशुतोष कुमार के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 पटेल राठी की टीम द्वारा 06. जुआरी, उपनि० जयचन्द्र बाबू शर्मा की टीम द्वारा 05 जुआरी, उप निरीक्षक सचिन कुमार सिंह की टीम द्वारा 10 जुआरी उ०नि० मो. अफजल की टीम द्वारा 06 जुआरी व उनि विश्वदीपक की टीम द्वारा 04 जुआरी, जुआ खेलते समय मय हमराही फोर्स द्वारा गिरफ्तार किया गया। इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलने वाले जुआरियों को थाना पारा की अलग अलग पुलिस टीमों द्वारा भिन्न भिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना पारा लखनऊ पर मु.अ.स. 519/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम 05 अभियुक्त, मु.अ.स. 521/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम 06 अभियुक्त मु.अ.स. 522/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम 04 अभियुक्त, मु.अ.स. 523/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम 06 अभियुक्त व मु.अ.स. 524/2021 धारा 13 जुआ अधिनियम 10 अभियुक्त को गिरफ्तार कर कुल माल फड कुल रुपये 62,850/– व जामा तलासी कुल रुपये 46,670/– की बरामदगी करते हुए कुल 31 अभियुक्तों के विरूद्ध थाना पारा पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।



## हाथी–हाथ के साथ में रोड़ा बनी पंजाब की रार : ये हैं तीन बड़े कारण जो कांग्रेस–बसपा में नहीं होने दे रहे गठबंधन

लखनऊ ब्यूरो : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नया गठबंधन तैयार करने की कांग्रेस की मुहिम को झटका लगा है। बसपा यूपी में कांग्रेस के साथ आने को तैयार नहीं है। इसके लिए जहां पुराने अनुभव को सामने रखा जा रहा है तो वहीं अहम रोड़ा पंजाब का चुनाव है जिसमें कांग्रेस और बसपा आमने–सामने हैं। ऐसे में यूपी में इस तरह का गठबंधन दूर की कौड़ी लग रहा है। यूपी में कांग्रेस नए साथियों की तलाश में है। इसकी झलक दिखी 31 अक्तूबर को जब रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की कांग्रेस से नजदीकियां नजर आईं। लखनऊ से दिल्ली लौटते समय जयंत सपा प्रमुख अखिलेश यादव की फ्लाइट छोड़कर कांग्रेस के निजी विमान से प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली लौटे। चर्चा रही कि कांग्रेस की ओर से जयंत को पंजाब में सीटों से लेकर राज्यसभा भेजने तक का ऑफर दिया गया। सीधे तौर पर जयंत ने इससे इंकार भी नहीं किया पर मशक्कत यह थी यह गठबंधन तभी परवान चढ़ सकेगा जब इसमें बसपा भी शामिल हो। पंजाब में 20 सीटों पर लड़ेगी बसपा, 18 पर कांग्रेस से सीधा मुकाबला। कांग्रेस–बसपा गठबंधन न होने का बड़ा कारण है पंजाब विधानसभा चुनाव जो यूपी के साथ ही होने जा रहा है। वहां बसपा का शिरोमणि अकाली दल के साथ गठबंधन है। 117 सीटों में से शिरोमणि अकाली दल ने 20 सीटें बसपा को दी हैं। इन सभी सीटों पर बसपा का सीधा मुकाबला कांग्रेस से हैं। इनमें से 18 सीटों पर तो हाल में कांग्रेस के ही विधायक हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर पंजाब में भी असंतोष है। कुछ बसपाई कह रहे हैं कि अकाली दल ने ऐसी सीटें बसपा को दी हैं, जिनपर बसपा



का जनाधार कम है। इनमें पचास प्रतिशत सीटों पर तो उसका काडर वोटर बेहद कम है। अदावत के तीन कारण – पहला : पंजाब और लखीमपुर में कांग्रेस का पैंतरा। दलितों पर दांव को लेकर बसपा कांग्रेस से अदावत मानकर चल रही है। इनमें अहम कारण यह है कि पंजाब में चरणजीत सिंह चन्नी को मुख्यमंत्री बनाकर कांग्रेस ने वहां बड़ा दलित कार्ड खेला जबकि वहां कांग्रेस व बसपा आमने–सामने हैं। इतना ही नहीं, लखीमपुर खीरी में चन्नी की जबरदस्त आमद कराई गई और उन्होंने यहां तिकुनिया प्रकरण के पीड़ित किसानों को 50–50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। बसपा मानकर चल रही है कि कांग्रेस का यह निशाना पूरी तरह से बसपा के काडर वोटर को साधने के लिए है। दूसरा : भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर से प्रियंका की मुलाकात। मार्च 2019 में प्रियंका गांधी अचानक भीम आर्मी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद से मिलने अस्पताल पहुंच गई थीं। दरअसल चंद्रशेखर 'बहुजन अधिकार यात्रा' निकाल रहे थे। अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें मेरठ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां अचानक प्रियंका गांधी तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष राजबब्बर व तत्कालीन पश्चिमी यूपी प्रभारी ज्योतिरादित्य सिंधिया को साथ लेकर उनसे मिलने पहुंच गईं और कहा कि चंद्रशेखर का संघर्ष उन्हें पसंद आया। बसपा मानकर चल रही है कि चंद्रशेखर से उनकी यह मुलाकात अनायास नहीं बल्कि बसपा के खिलाफ सुनियोजित थी। तीसरा : 2024 लोकसभा चुनाव। बसपा की निगाह इस विधानसभा चुनाव के साथ–साथ वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी है। बसपा थिंक टैंक को लग रहा है कि इस चुनाव में यदि कांग्रेस से हाथ मिलाया गया तो इसके दूरगामी प्रतिकूल परिणाम हो सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में कहीं उसका काडर वोटर उससे छिटक न जाए क्योंकि भाजपा भी पूरी तरह से उसके वोटर को रिझाने की कोशिश में है। ऐसे में उसको नुकसान हो सकता है।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा प्राचीन मन्दिर भगवान चित्रगुप्त मंदिर बाबा गोरक्षनाथ जी मन्दिर में भव्य आयोजन सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भगवान चित्रगुप्त पूजनोत्सव के अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जौनपुर द्वारा प्राचीन मन्दिर भगवान चित्रगुप्त मंदिर बाबा गोरक्षनाथ जी मन्दिर में भव्य आयोजन किया गया।जिसमें भगवान चित्रगुप्त जी का भव्य सिंगार वाराणसी से आये कलाकारों द्वारा किया गया। भगवान चित्रगुप्त के सिंगार में छपनभोग महाआरती भी हजारों लोगों की मौजूदगी में हुआ। जिसमे भजन सम्राट पंकज सिन्हा व शैली गगन व कुँवर श्रीवास्तव के भजन प्रस्तुत करने पर लोग झूम उठे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री व जौनपुर सदर के विधायक गिरीश चन्द यादव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त सृष्टि के रचयिता हैं वे पूरे संसार का लेखा जोखा रखते हैं आज उनके पूजन समारोह में शामिल होना सौभाग्य की बात है राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि कायस्थ समाज ने हमेशा राष्ट्रवाद का साथ दिया है जिनके अनेक महापुरुषों ने देश के लिए बहुत कुछ किया है। बारीनाथ मठ के महंत पुजारी बाबा हरदेव नाथ जी कहा कि आज मंदिर प्रांगण में लग रहा है भगवान चित्रगुप्त खुद उत्तर आये हैं। स्वामी विवेकानंद जी महाराज ने कहा कि अपने आराध्य देव की पूजा अर्चना आज सर्वसमाज के लोग पूरे विश्व में कर रहे है। प्रदेश अध्यक्ष कायस्थ महासभा डॉ इन्द्रशेन श्रीवास्तव मुन्ना ने कहा कि आज पूरे प्रदेश के हर जिले में भगवान चित्रगुप्त जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डॉ मनमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से समाज में एकजुटता बढ़ती है। जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त के आशीर्वाद से ही आज के कार्यक्रम ने इतिहास रच डाला। राष्ट्रीय सचिव रवि श्रीवास्तव ने कहा कि आज का दिन सौभाग्यशाली दिन हैं। शोभायात्रा



संयोजक राकेश श्रीवास्तव साधु प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि जौनपुर में पहली बार शोभायात्रा निकाली गई जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया सबका आभारी हूं। कार्यक्रम संयोजक राकेश श्रीवास्तव प्रशासनिक ,प्रदेश सचिव ने कहा कि यह आयोजन अब हरसाल किया जायेगा। आयोजन को डॉ मनमोहन श्रीवास्तव डॉ रजनीश श्रीवास्तव डॉ एन के सिन्हा वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष कुमार श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता सरस चंद्र श्रीवास्तव चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव प्रदेश सचिव मनीष श्रीवास्तव प्रदेश प्रवक्ता विश्व प्रकाश श्रीवास्तव दीपक पत्रकार जिला महामंत्री भाजपा ई अमित श्रीवास्तव नगर अध्यक्ष भाजपा अमित श्रीवास्तव महासचिव सुलभ श्रीवास्तव आदि लोगो ने संबोधित किया। संचालन राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में प्रदीप श्रीवास्तव डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव पंकज श्रीवास्तव हैप्पी श्रीवास्तव अंकित श्रीवास्तव योगेश श्रीवास्तव धीरज श्रीवास्तव रजनीश श्रीवास्तव शशि श्रीवास्तव रमेन्द्र श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव शरद श्रीवास्तव हरिश्चंद्र श्रीवास्तव कायस्थ राजेश श्रीवास्तव अनीश श्रीवास्तव आयुष अस्थाना प्रवीण श्रीवास्तव रविन्द्र श्रीवास्तव अनिल निगम अजय श्रीवास्तव विजय श्रीवास्तव नवीन श्रीवास्तव खुशबू श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, नीरज श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, महेंद्र श्रीवास्तव आदि हजारों लोग मौजूद रहे।

## कायस्थ कल्याण समिति द्वारा आयोजित 32वे भगवान श्री चित्रगुप्त पूज्जनोत्सव व सम्मान कार्यक्रम भव्य रूप से मनाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कायस्थ कल्याण समिति द्वारा आयोजित 32वे भगवान श्री चित्रगुप्त पूज्जनोत्सव व सम्मान कार्यक्रम मंगलम लॉन मियापुर भव्य रूप से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) माननीय आशुतोष कुमार सिन्हा जी रहे ,विशिष्ट अतिथि राकेश श्रीवास्तव रहे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी आशुतोष सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा की जौनपुर शहर और जनपद वासियों से मेरा बड़ा ही जुड़ाव है ।और आप सब का स्नेह प्रेम सदा हमको मिलता रहा है इसी उम्मीद और विश्वास के साथ आप सबके साथ हर दुख सुख में आपकी बातों को सदन में पहुंचाने के लिए खड़ा हूं । विशिष्ट अतिथि राकेश श्रीवास्तव ने कहा जब भी समाज को मेरी आवश्यकता होगी हम हर समय समाज के लिए खड़े मिलेगे । समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अशोक कुमार अस्थाना ने आए हुए अतिथियों , सम्मानित कायस्थ बंधुओं , पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया ।कायस्थ समिति द्वारा आयोजित सम्मान कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य हेतु मधुबाला श्रीवास्तव पूर्व सहायक अध्यापक,और श्रीमतीअमिता श्रीवास्तव पूर्व सहायक अध्यापिका नगर पालिका इंटर कॉलेज,को सम्मानित किया गया साथ ही जिसे चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ शशि प्रकाश श्रीवास्तव ,डॉ प्रदीप श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नामित शासकीय अधिवक्ता श्री अनिल श्रीवास्तव,राजेश श्रीवास्तवADJC, श्रीकांत श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव (एडवोकेट) धार्मिक व सामाजिक कार्य, युक्ता श्रीवास्तव (SSA) पद पर चयनित होने पर, दिनेश श्रीवास्तव (मानव सेवा, सामाजिक क्षेत्र, करोना काल में कार्य करने हेतु) स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किए गए, साथ ही डॉ संजय श्रीवास्तव (नीति आयोग द्वारा सम्मानित भारत भूषण पुरस्कार के लिए) प्रीति श्रीवास्तव ,संजय श्रीवास्तव एडवोकेट आदि को अंगवस्त्रम देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में कायस्थ समाज की ऊर्जावान,बच्चों ने गीत, संगीत , नृत्य,का शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत कर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया,सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष सहयोग



शास्त्री डांस क्लास एकेडमी , महिला शाखा व आनंद अस्थाना का रहा। महासचिव गौरव श्रीवास्तव ने समिति द्वारा वर्ष 2021–2021के होने वाले निम्न कार्यक्रमों ,कैंप , वस्त्र वितरण कंबल वितरण स्थापना दिवस अभिनंदन कार्यक्रम, वृक्षा रोपण ,भोजन वितरण , सहयोग,आदि का विवरण विस्तार से सदन के सामने रखा। इस अवसर पर समिति के संस्थापक सदस्यों द्वारा श्री प्रदीप श्रीवास्तव डीओ को समिति का सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर समिति के संस्थापक सदस्य श्रीमान सुनील अस्थाना रमेश दत्त श्रीवास्तव प्रदीप कुमार अस्थाना ,प्रदीप श्रीवास्तव डीओ , धीरज श्रीवास्तव ,प्रदीप श्रीवास्तव पप्पू , सुरेश अस्थाना,दयाल शरण , डॉ रवि ,ज्ञान चंद श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष), अमित श्रीवास्तव जिला महामंत्री भाजपा, अमित खरे ,डॉ अखिलेश चंद्र श्रीवास्तव , विनीत श्रीवास्तव, राजेश किशोर , अमित श्रीवास्तव भाजपा नगर अध्यक्ष ,डॉ जान्हवी श्रीवास्तव, पिंकी श्रीवास्तव एडवोकेट ,रेखा श्रीवास्तव पूर्व सभासद, आलोक रंजन सिन्हा ,मनीष श्रीवास्तव ,आलोक रंजन एडवोकेट, डा राम मोहन ,सुशील श्रीवास्तव सपा नेता, युवा अध्यक्ष गणतंत्र श्रीवास्तव ,महिला अध्यक्ष डॉ मधुलिका श्रीवास्तव ,रोली श्रीवास्तव ,ज्योति श्रीवास्तव अंशु श्रीवास्तव ,अनुराधा श्रीवास्तव ,सुनीता श्रीवास्तव डॉ अपर्णा, डॉ पूनम श्रीवास्तव, विभा श्रीवास्तव मनोरमा श्रीवास्तव डॉ राहुल श्रीवास्तव, डॉ संजय श्रीवास्तव ,प्रदीप श्रीवास्तव सरस्वती कोचिंग ,गिरवर अस्थाना जी, राजन श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव जज साहब ,अनिल अस्थाना, विजय अस्थाना ,डॉ सतीश मौर्य,राजेश तिवारी, मनीष गुप्ता लायंस, संजय श्रीवास्तव,विजय श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव रिंकु,रितेश श्रीवास्तव रवि श्रीवास्तव वकील इनकमटैक्स,अमित निगम, मनीष श्रीवास्तव पत्रकार प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव,आदि तमाम सम्मानित कायस्थ उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन महासचिव गौरव श्रीवास्तव प्रदीप अस्थाना,और आभार इस कार्यक्रम के संयोजक दिनेश श्रीवास्तव ने किया।

## भारतीय वन सेवा में विवेक यादव का हुआ चयनःक्षेत्र में हर्ष का माहौल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चन्दवक थाना क्षेत्र का एक और होनहार युवक ने जनपद का नाम रोशन किया है। हरधन गांव निवासी विवेक कुमार यादव पुत्र पारस यादव को भारतीय वन सेवा (आईएफएस) में 72 वीं रैंक प्राप्त हुई है।आपको बता दे कि पारस यादव मुम्बई में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत है!इनके तीन पुत्रो में विवेक यादव शुरू से ही प्रतिभावान विद्यार्थी रहे।इनकी शुरुवाती शिक्षा प्राथमिक गिरजा देवी शिक्षा निकेतन मढ़ी में करने के बाद पूरी शिक्षा मुंबई से रहकर पूरी की।बीटेक (इलेक्ट्रॉनिक )करने के बाद परीक्षा की तैयारी कर रहे थे कि तभी द्वितीय प्रयास में भारतीय वन सेवा में चयन हो गया।विवेक की इच्छा आइएएस बनने देश की सेवा करने की है जिसके लिए वह दिल्ली में रहकर तैयारी कर रहे हैं। दादा पलटु यादव की दिली तमन्ना थी कि मेरे परिवार का सदस्य भारतीय सर्वोच्च सेवा करने की थी दादा के सपनो को विवेक यादव ने साकार कर उनके मान को बढ़ाया। चयन की सूचना मिलते ही बाबा



पलटू यादव परिवार व गांव के लोग खुशियों से झूम उठे। घर पर मिठाई खिलाकर लोगों ने खुशियों को बांटा!विवेक यादव ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने दादा दादी सहित पूरे परिवार को देते हुए बताये कि आज जो कुछ भी हु इन्ही लोगो के बदौलत हु!

## पोखरी में मिला शव शिनाख्त नही

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : गोला थाना क्षेत्र के ककरही गांव के पुरब शुक्ला की पोखरी में अज्ञात व्यक्ति का शव देख ग्रामीणों ने गोला थाने को सुचना दिया। मौके पर पहुची गोला पुलिस शव को कब्जे में लेर पीएम के लिए भेज दिया। ककरही गांव के पुरब शुक्ला के पोखरी में एक अज्ञात ब्यक्ति उम्र लगभग 40 वर्ष की लाश उतराई थी सुबह सौच के लिए उधर गये कुछ ग्रामीणों ने देखा तो शोर मचाया ककरही गांव के साथ–साथ अगल बगल गांव के लोग भी वहां इकट्ठा हो गये। उन्ही में से किसी ने गोला थने पर फोन से सुचना दिया। तत्काल मौके पर पहुची गोला पुलिस शव को पोखरी से बाहर निकलवाया, शव तीन से चार दिन पुर्व का लग रहा था। शव निकालनेवालों ने बताया कि शव के साथ एक लाठी भी पानी में था। जिससे सायद मृतक को दबाया गया था। वहां उपस्थित लोगों ने बताया कि मृतक यहां का नहीं है। लोग मृतक को लेकर तरह तरह की चर्चा कर रहे थे कि इसे कहीं मार कर यहां ला कर दबाया गया है। इस बारे में यहां उपस्थित गोला इंस्पेक्टर के के राणा ने कहा कि शव मिला है पीएम के लिए भेजा जा रहा है। तहकीकात कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खजनी थाना परिसर में छठ्ठ पूजा के मद्देनजर ग्राम प्रधान की बुलाई बैठक

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : खजनी थाना परिसर में छठ्ठ पूजा के मद्देजनर इंस्पेक्टर खजनी सन्तोष कुमार सिंह ने ग्राम प्रधान की बैठक बुलाई। बैठक की अध्क्षता सीओ खजनी अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया । आने वाले त्योहार छठ्ठ को लेकर ग्राम प्रधान से गांव की भौगोलिक स्थिति समझते हुए होने वाले विवादित गांव के बारे में अवगत हुए। बैठक में नवागत सीओ अनिल कुमार सिंह अपना परिचय देते हुए कहा त्योहार में आप लोग पुलिस का सहयोगी बनें जिससे शांति मय हाल में छठ्ठ पूजा का कार्य सम्पन्न हो । इंस्पेक्टर सन्तोष सिंह ने समस्त ग्राम सभा के प्रधान से उनके सुझाव को शेयर किया । गांव क्षेत्र में सन्दिग्ध क्षेत्रो की जानकारियां ली गयी । प्रत्येक प्वाइंट पर पुलिस गश्त का ब्यवस्था पर फोकस किया गया । प्रधानों ने छठ्ठ के दौरान सूर्यास्त से सूर्योदय के बीच पुलिस को चौकन्ना रहना जरूरी बताया, जिससे बहु बेटियों की सुरक्षा किया जा सके । उक्त अवसर पर ग्राम प्रधान सरया तिवारी धरणी धर त्रिपाठी , प्रधान खुटभार अर्जुन जायसवाल, पूर्व प्रधान गोरख प्रसाद , प्रधान रकौली,प्रधान रुद्रपुर राहुल त्रिपाठी ,प्रधान सतूआभार सहित दर्जनों प्रधान मौजूद थे।

## विहिप के धर्म रक्षा अर्पण निधि का शुभारंभ हुआ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आज से प्रारंभ होकर 20 दिसंबर तक चलने वाले इस वर्ष के विश्व हिंदू परिषद के धर्म रक्षा अर्पण निधि का शुभारंभ आज गुलाबी देवी बालिका विद्यालय कन्हयीपुर में जिला



अध्यक्ष डॉ राकेश चंद्र दुबे की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें विभाग अध्यक्ष डॉ उदय राज सिंह ने मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सत्संग प्रमुख दिवाकर जी को चेक प्रदान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अन्य कार्यकर्ताओं ने भी अपनी समर्पण राशि माननीय दिवाकर जी को रसीद काटकर अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ आर पी सिंह, कृष्णानंद उपाध्याय, आनंद शर्मा, जिला मंत्री जन्मेजय तिवारी, जिला सह मंत्री डॉ आशीष मिश्र, कमलापति तिवारी, जिला सम्पर्क प्रमुख दिनेश सिंह, जिला संयोजक विजय सिंह, संगठन मंत्री सतेन्द्र जी, नगर कार्याध्यक्ष सुनील शर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## समाजसेवी राजेश ने पैर सड़े व्यक्ति को पहुंचाया अस्पताल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दूसरों के सेवा करके जो सुख मिलता है वह दुनियां के किसी भी ऐशोआराम में नही मिलता है।कुछ ऐसा ही सुख पाने को आतुर समाजसेवी राजेश निरन्तर गरीब असहाय की मदद करते रहते हैं।बीते दिनों उन्होंने एक ऐसे व्यक्ति की मदद किया और अस्पताल पहुंचा करके इलाज कराने में मदद की जिसका बाया पैर पीछे की तरफ किसी कारणवश बहुत ज्यादा कट गया था और सड़ गया था।घाव पुराना होने कारण उसमे कीड़े पड़ गए थे और बदबू कर रहा था।



समाजसेवी राजेश को किसी व्यक्ति द्वारा फोन करके बुलाया गया और बताया गया कि सिपाह रेलवे क्रॉसिंग की नीचे एक अर्ध विक्षिप्त व्यक्ति सड़क किनारे पड़ा हुआ है ।जैसे ही समाज सेवी को पता लगा राजेश तत्काल वहां पहुंच कर के उस व्यक्ति को कपड़ा पहनाना चाहा। लेकिन वह कपड़ा नहीं पहना फिर उसको एंबुलेंस बुलाकर के जिला अस्पताल पहुंचाया और फिर जिला अस्पताल कर्मियों के साथ मिल कर के उसके मरहम पट्टी करने में मदद किया और खाना खिलाया। इस विशेष मानव सेवा में आशुतोष यादव और राकेश मौर्य का विशेष सहयोग मिला।

## कुश्ती प्रतियोगिता से होती है ग्रामीण क्षेत्रों के होनहारों की पहचान–अनूप

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) सत्तीचौरा तिराहे के करीब भईया दूज के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले दंगल मेले का शुभारंभ वरिष्ठ सपा नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह " अनूप " ने दो पहवानों का हाथ मिलवाकर करवाया । इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए अनूप सिंह ने कहा कुश्ती विद्या अपने देश का प्राचीनतम खेल है । इस खेल को हर स्तर पर बढ़ावा देने की जरूरत है । उन्होंने बताया कि सपा सरकार के सत्ता में आने पर गांव – गांव अखाड़ा खुदवाकर इस खेल को बढ़ावा दिया जाएगा । दंगल मेला आयोजन समिति के सदस्य पूर्व प्रधान शिवबक्श सिंह पिंटू ने बताया कि ये दंगल मेला पचासों वर्ष पुराना है तथा प्रतिवर्ष दीपावली के दूसरे दिन भईया दूज के दिन प्रतिवर्ष लगता है इस दंगल में आस पड़ोस के कई जिलों के पहलवान अपनी किस्मत आजमाने आते हैं । इस मौके पर दंगल मेले के प्रमुख आयोजक विनय सिंह मोनू , डॉ. विजय बहादुर सिंह , वंश बहादुर सिंह , सिकंदर सिंह , जय शंकर पांडेय , संजय सिंह , जे. डी. सिंह , डब्लू सिंह , प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू रावत , सहदेव रावत , अनुराग सिंह शानू , मनीष सिंह , जितेन्द्र सिंह , सतनाम सिंह , भवानीफेर सिंह व कुश्ती निर्णायक भोला सिंह व अब्दुल कलाम सहित सैकड़ों दर्शक , व्यापारी व क्षेत्रीय जन मौजूद रहे।

## ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को किया रवाना

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम सदर कुलदीप मीना मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर सेंटर ड्यूज इंटर कॉलेज से किया रवाना मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता अभियान आजादी अमृत महोत्सव के तहत मतदाता पुनरीक्षण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस रैली का नेतृत्व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / एसडीएम सदर कुलदीप मीना और सदर तहसीलदार बृज मोहन शुक्ला तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी द्वारा किया गया।इस रैली में युवा वर्ग ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। जागरूक बनो, वोट दो तथा रूढ़ि वाद के बंधन तोड़ो, युवा महिला मतदाता जोड़ो के नारो के साथ लोगो को जागरूक किया । यह रैली सेंटर ड्यूज इंटर कॉलेज से निकल कर गोलघर इंदिरा बाल विहार होते हुए सदर तहसील पहुचा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम कुलदीप मीना ने बताया कि बीएलओ डोर टू डोर सर्वे करके लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने पर जोर दे रहे है। उन्होने कहा कि यह लक्ष्य बनाकर चलें कि युवा मतदाता व महिला मतदाता अधिक से अधिक हो, इसके साथ ही तहसीलदार द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप के इस्तेमाल का तरीका भी बताया। इसके साथ एनवीएसपी, नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल के द्वारा मतदाता बनने का तरीका भी बताएं गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट / एसडीएम सदर कुलदीप मीणा ने नए मतदाता छात्र छात्राओं को बताया कि आप घर बैठे ऑनलाइन अपना मतदाता सूची में नाम सम्मिलित कर सकते हैं जिसके लिए आपको अपना नाम दर्ज कराना है या अपने वोटर कार्ड में किसी गलती को सुधरवाना है तो चुनाव कार्यालय के चक्कर नहीं काटने होंगे वोटर आईडी कार्ड में सुधार का यह काम अब घर बैठे इंटरनेट की मदद से किया जा सकता है। इसके लिए बस आपको निर्वाचन आयोग की वेबसाइट https%//www.nvsp.in पर जाकर नाम को शामिल करने या गलती सुधारने के लिए आवेदन करना होगा साइट पर निर्धारित फॉर्म भरकर यह काम किया जा सकता है।हर चुनाव से पहले वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है. इसलिए अगले साल लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता ऑनलाइन अपडेशन की इस सुविधा का लाभ उठा सकते है। इसके अलावा भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) ने वेब आधारित एप्लिकेशन की भी शुरुआत की है. यह एप नए रजिस्ट्रेशन के बारे में एसएमएस अलर्ट के जरिए अफसरों को सूचित करता है। पहले चुनावी कार्यालय को घर–घर का सर्वे कराना पड़ता था इसमें बूथ स्तर के अधिकारियों की सेवाएं ली जाती थीं ये हर एक घर में जाकर लिस्ट में वोटरों के नाम और पते को जांचते थे. लेकिन अब नई ऑनलाइन सुविधा मतदाताओं और निर्वाचन अधिकारियों को लिस्ट को तेजी से अपडेट करने में मदद करेगी http%//www.nvsp.in पर जाएं और अपने दस्तावेज अपलोड करें। एक पासपोर्ट आकार की तस्वीर. पहचान पत्र–इसमें जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या हाई स्कूल की मार्कशीट शामिल है. पते का प्रमाण–यह राशन कार्ड, आपका पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस या फोन या बिजली–पानी का बिल हो सकता है। आप अपने अनुरोध की स्थिति को ऑनलाइन देख सकते हैं। आपका वोटर आईडी कार्ड एक महीने में रिलीज कर दिया जाएगा रैली में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के एसडीएम सदर कुलदीप मीणा सदर तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला तहसीलदार न्यायिक नीलम तिवारी नायब तहसीलदार वशिष्ठ नारायण वर्मा कानूनगो प्रदुमन सिंह कानूनगो वीर बहादुर सिंह अमीन योगेंद्र चौबे सहित सदर तहसील के समस्त लेखपाल कानूनगो व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

## भटक रहे 06 साल के बच्चे को चौकी इंचार्ज इंजीनियरिंग कॉलेज ने परिजनों को सौंपा

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कॉलेज थाना कैण्ट द्वारा मय फोर्स गश्त के दौरान लगभग 06 वर्ष का बच्चा रोते हुए मिला । बच्चे से नाम, पता पूछने पर बच्चा अपना नाम, पता बताने में असमर्थ था । इस पर चौकी प्रभारी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बच्चे की फोटो बीपीओ ग्रुप व अन्य सोशल मीडिया माध्यम से तथा साथ ही साथ बच्चे को लेकर क्षेत्र में परीजनों की तलाश की जा रही थी कि इसी बीच जरिए दुरभाष बच्चे के गुमशुदा होने की सूचना प्राप्त हुई । इस पर चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग कॉलेज अमित चौधरी द्वारा जरिये दूरभाष गुमशुदा बच्चों की परीजनों से वार्ता कर उनके थाना कैण्ट परिसर में आने की हिदायत की गई । तत्पश्चात चौकी प्रभारी इंजी0 कालेज मय गुमशुदा बच्चे के थाना कैण्ट परिसर में पहुँचे जहाँ पर बच्चे के परिजन मौजूद मिले । इस पर चौकी प्रभारी द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए बच्चे को उसके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया । इस मौके पर बच्चे के परिजनों द्वारा चौकी प्रभारी इंजीनियरिंग एवं उनकी पुलिस फोर्स का भूरि दृ भूरि प्रसंशा एवं धन्यवाद जाहिर किया गया । चौकी प्रभारी इंजी0 कालेज द्वारा परिजनों को हिदायत किया गया कि अपने बच्चे का अकेले ना छोडे और ध्यान रखे । जिस ऐसी परिस्थिति दोबारा उत्पन्न ना हो।

## मुफ्त टैबलेट–स्मार्टफोन बांटने को लेकर आया नया अपडेट : जानें–पहले किसका आएगा नंबर

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने को प्रयासरत है।इसी अभियान के तहत प्रदेश के करीब एक करोड़ युवाओं को मुफ्त टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण जल्द शुरू होगा।योजना के तहत लाभार्थियों का चयन,टैबलेट और स्मार्ट फोन वितरण व इसकी मानीटरिंग के लिए वेब पोर्टल बनाया गया है। इसके पहले चरण में विश्वविद्यालयों के स्नातक द्वितीय, तृतीय और परास्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को दिया जाएगा।स्नातक व परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र–छात्राओं का डेटाबेस तैयार होने के बाद विश्वविद्यालय सूचना भेजेंगे। उच्च शिक्षा विभाग के अधीन छात्रों का डेटाबेस राज्य विश्वविद्यालयों के पास है इसलिए सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश दिए गए हैं। विशेष सचिव मनोज कुमार ने निर्देश दिया है कि विश्वविद्यालय अपने से संबद्ध महाविद्यालयों के पंजीकृत छात्र–छात्राओं की सूचना निर्धारित प्रारूप पर तैयार करके जिलाधिकारियों को भेजेंगे। जिलाधिकारी उसका सत्यापन कराकर टैबलेट और स्मार्ट फोन बांटने की प्रक्रिया औद्योगिक विकास विभाग की ओर से आदेश के तहत जिला स्तर पर करेंगे। जिला प्रशासन वितरण में पारदर्शिता व लाभार्थी की प्रामाणिकता के लिए जिम्मेदार होगा। पहले चरण में स्नातक द्वितीय, तृतीय व परास्नातक द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को टैबलेट और स्मार्ट फोन दिया जाएगा।स्नातक व परास्नातक में पहले साल प्रवेश लेने वालों की सूचना विश्वविद्यालय तैयार करेंगे,बाद में वह भेजी जाएगी।योजना के क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा निदेशक डा.अमित भारद्वाज को उच्च शिक्षा विभाग की ओर से और राज्य विश्वविद्यालयों की ओर से कुलसचिवों को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

## मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष बोले– अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल–कूद बहुत जरूरी

वाराणसी ब्यूरो : अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल–कूद का महत्व किसी से कम नही हैं। यदि शिक्षा से बुद्धि का विकास होता है तो खेलों से शरीर का। शिक्षा और खेल एक–दूसरे के पूरक हैं। उक्त बातें वाराणसी पहुंचे शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी और मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष विजय डी पाटिल ने कही। नदेसर स्थित एक होटेल के सभागार में मीडिया से बात करते हुए स्कूल लेवल से ही खेलों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में खेल का सामाजिक तथा राष्ट्रीय महत्व भी है। इनमें स्वास्थ्य प्राप्ति के साथ–साथ मनोरंजन भी होता है। इनसे छात्रों में अनुशासन की भावना आती है। यूएई में आयोजित टी–20 विश्व कप से भारतीय टीम के बाहर होने पर निराशा जताई। कहा कि टीम इंडिया उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सकी। हालांकि मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष ने इसे खेल का हिस्सा बताया। कहा कि चीजें हमेशा आपके हिसाब से नहीं चलती। दो खराब दिन थे। उम्मीद जताई कि टीम इंडिया आने वाले दिनों में अपनी बादशाहत बरकरार रखेगी। भारतीय क्रिकेट में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की घटती संख्या पर उन्होंने कहा कि अब प्रतिस्पर्धा पहले से ज्यादा बढ़ गई है। अभी भी कुलदीप यादव, भुवनेश्वर कुमार, मोहम्मद शमी समेत कई युवा



खिलाड़ी देश की सेवा कर रहे हैं। टीम इंडिया के फाइनल 11 में जगह बनाने के लिए प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा हो गया है। यूपी ने भारतीय टीम को कई सितारे दिए हैं। यूपी रणजी टीम बढिया काम कर रही है। कई ऐसे युवा खिलाड़ी हैं जो आने वाले दिनों में टीम इंडिया के लिए खेलते नजर आएंगे। इस दौरान युवा भाजपा नेता प्रभात सिंह मिंटू, और डॉक्टर राकेश सिंह मौजूद रहे। वाराणसी पहुंचने पर मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष का स्वागत पिंडरा विधानसभा आईटी सेल संयोजक अतुल तिवारी, किशन शर्मा सुधीर सिंह, सुनील इत्यादि ने किया।

# आये दिन जलापूर्ति बाधित होने से अश्वनीपुरम् कालोनी के लोग दिख रहे परेशान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अयोध्या नगर निगम के श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड के अश्वनीपुरम् कालोनी में आये दिन जलापूर्ति की समस्या बनी रहती है।इस दौरान सबसे अधिक परेशानी कालोनी के उन लोगों को अधिक होती है जिनके लिये नगर निगम से सप्लाई आने वाली जलापूर्ति होती है।इस संबंध में जलकल विभाग में तैनात अभियंता का रटा रटाया एक ही उत्तर होता है कि आये दिन क्षेत्र में कई विभागो द्वारा लाईन बिछाने से कही से कोई पाइप फटी है।जिसे खोजा जा रहा है।इस संबंध में उनका कहना रहता है कि शीघ्र ही इस समस्या का निराकरण हो जायेगा।वही आये दिन इस समस्या से जूझ रहे अश्विनीपुरम कालोनी के वासियों का कहना है यह एक महज बहाना है।इस कालोनी के लोगों के मुताबिक जलापूर्ति की समस्या इस कालोनी में हमेशा बनी रहती है।परंतु इस गंभीर समस्या पर इससे संबंधित अधिकारी व कर्मी ध्यान नहीं दे रहे है।वही जब इस गंभीर समस्या के बारे में स्थानीय सपा पार्षद जगत नारायण यादव को अवगत कराया गया तो वे इस समस्या को काफी हद तक दूर करते भी है जबकि विभाग के अधिकारी व कर्मी के कानो में इस गंभीर समस्या के प्रति जूँ तक नही रेंगता नजर आ रहा है।जिसके चलते इससे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी के प्रति अश्वनीपुरम् कालोनी के लोग आक्रोशित हैं।सूत्र के मुताबिक मालूम हो कि हमेशा की तरह कल रात से उक्त कालोनी में जलापूर्ति बाधित है,जिसको लेकर वहाँ के लोग काफी परेशान दिखे।वही इस संबंध में इससे संबंधित अधिकारी ने बताया कि शहर के वजीरगंज जप्ती में पाइप फटने के चलते जलापूर्ति बाधित हो गई है।जिसे शीघ्र ही बहाल कराया जायेगा।अब देखना यह कि इस कालोनी के लोगों को इस गंभीर समस्या से कब छुटकारा मिलेगा। यह एक यक्ष प्रश्न है।

# जिला चिकित्सालय में तैनात कर्मियो पर मरीजों व उनके परिजन लगा रहे आर्थिक रुप शोषण करने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) एक तरफ उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार प्रदेश में राम राज्य की स्थापित करने का सपना देख रही है दूसरी ओर उन्ही के मातहत सरकार की योजनाओं को पलीता लगाने में जुटे है। सरकार का दावा है कि प्रदेश के सभी सरकारी अस्पताल में मरीजों का इलाज निःशुल्क हो रहा है परन्तु रामनगरी में बिल्कुल इसके विपरीत हो रहा हैं।इसका ताजा मामला अयोध्या जिला चिकित्सालय का है जहां एक गरीब दिव्यांग तीमारदार अपनी माँ 55 वर्षीय सुंदरा पत्नी स्व. छोटेलाल निवासिनी ग्राम चांदपुर कोतवाली बीकापुर का इलाज कराने हेतु बीकापुर सीएचसी से जिला चिकित्सालय लाया।जहां तैनात चिकित्सको की देखरेख में एक निजी सेवा प्रदाता कम्पनी का कर्मी है के द्वारा एक अन्य कर्मी के साथ तीमारदार को बाहर से दवा लाने की पर्ची पकड़ा दी।अब मरता क्या न करता मां इलाज ठीक से हो जाये इसी नियत के साथ व दवा लेने अस्पताल के सामने स्थित प्रीमियम मेडिकल स्टोर पर पहुंचा जहां उसने 1170 रुपये की दवा दी और पर्ची उसी स्वास्थ्य कर्मी को वापस कर दिया। वहीं जब तीमारदार ने इसकी शिकायत अपने मालिक जो कि एक स्थानीय समाचारपत्र के जिला संवाददाता है। जिसपर उन्होंने फोन पर इसकी शिकायत सीएमएस के मोबाइल पर की तो सीएमएस ने कहा कि डॉक्टर से मेरी बात कराओ और दवा की पर्ची मेरे मोबाइल पर भेजों। इसपर जब तीमारदार मेडिकल स्टोर से पर्ची लाने गया तो उसने बताया की पर्ची तो साथ मे आये स्वास्थ्य कर्मी ने वापस ले ली थी। वहीं सम्बंधित कर्मी से जब पर्ची मांगी गई तो वह टालमटोल करता रहा परन्तु पर्ची वापस नही दिया।

## बीट प्रभारी की मिलीभगत से आए दिन काटे जा रहे हरे–भरे फलदार वृक्ष

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वन विभाग की मिलीभगत से क्षेत्र में हरे भरे पेड़ों का अवैध कटान रुकने का नाम नहीं ले रहा है ।वन विभाग के उच्च अधिकारी चाहे जितना दावा करे की अवैध कटान नहीं होने दिया जाएगा। बीट प्रभारी ठेकेदारों से सांठगांठ करके अवैध कटान कराने में शामिल रहते हैं। मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में जाने के बाद बीट प्रभारी जुर्माना वसूल करने की बात करके कार्यवाही की इतिश्री कर देते हैं। प्राप्त समाचार के अनुसार वन रेंज कुमारगंज अंतर्गत देवगांव बीट क्षेत्र के ग्राम पंचायत पालपुर मजरे दुर्गन गांव के पास रविवार की सुबह आम का हरा भरा पेड़ काटा जा रहा था पेड़ काटे जाने की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने बीट को दी लेकिन बीट प्रभारी अंबिका प्रसाद चौबे मौके पर जाना ठीक नहीं समझा, जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने अवैध तरीके से काटे जा रहे हरे–भरे आम के पेड़ की जानकारी प्रभागीय वन अधिकारी अयोध्या एवं प्रभारी क्षेत्रीय वन अधिकारी कुमारगंज आरपी सिंह को दी। उच्च अधिकारियों की फटकार के बाद बीट प्रभारी समेत वन कर्मी आनन–फानन में मौके पर तो पहुंचे लेकिन तब तक लकड़ी ठेकेदार ने लकड़ी को ठिकाने लगा दिया था। वन कर्मियों को मौके पर सिर्फ काटे गए पेड़ का बूट ही मिला। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि आए दिन वन विभाग के बीट प्रभारी की मिलीभगत से क्षेत्र में कहीं ना कहीं पर अवैध कटान होता रहता है। फिलहाल अवैध कटान के संबंध में प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी कुमारगंज ने बताया की अवैध कटान करने वाले ठेकेदार के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करते हुए जुर्माना वसूल किया जाएगा।

# श्रीराम के हर नगर के दर्शन करने के लिए दिल्ली के सफदरजंग स्टेशन से आज अयोध्या आयी पहली 'रामायण सर्किट ट्रेन'

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राम नगरी अयोध्या समेत कई स्थानों का दर्शन कराने के लिये यह ट्रेन 17 दिनों की यात्रा में 7500 किमी की दूरी तय करेगी, 17 दिनों की यात्रा में अयोध्या, सीतामढ़ी और चित्रकूट सहित कई प्रमुख स्ध्थानों पर जाएगी।इस यात्रा का पहला पड़ाव आज अयोध्या होगा।जहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, श्रीहनुमान मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे।सूत्र के मुताबिक उसके बाद ट्रेन का अगला पड़ाव भगवान शिव की नगरी काशी होगा।फिर चित्रकूट और वहां से नासिक पहुंचेगी।नासिक के बाद प्राचीन किष्किन्धा नगरी हम्पी अगला पड़ाव होगा।जहां अंजनी पर्वत स्थित हनुमान जन्मस्थल के दर्शन कराए जाएंगे।इस ट्रेन का आखिरी पड़ाव रामेश्वरम होग।रामेश्वरम से चलकर ये ट्रेन 17वें दिन दिल्ली वापस पहुंचेगी। आईआरसीटीसी ने इस ट्रेन के अलावा 4 और रामायण सर्किट ट्रेन चलाने का ऐलान किया है,अब 16 नवंबर को दूसरी ट्रेन, 25 नवंबर को तीसरी ट्रेन, 27 नवंबर चौथी और 20 जनवरी से पांचवीं ट्रेन चलाई जाएगी।इस यात्रा के लिए एसी फर्स्ट क्लास की बुकिंग 1,02,095 रुपये और सेकंड क्लास में 82,950 रुपये में हुई है।अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस एसी पर्यटक ट्रेन में यात्री कोच के अतिरिक्त दो रेल डाइनिंग रेस्तरां, एक आधुनिक किचन कार और यात्रियों के लिए फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, आधुनिक स्वच्छ शौचालय और शॉवर क्यूबिकल आदि की सुविधा भी उपलब्ध है।इसके साथ ही साथ सुरक्षा के लिए सुरक्षा गार्ड, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर और सीसीटीवी कैमरे भी हर कोच में उपलब्ध रहेंगे।

# शिव सेना के गौरव वर्मा व श्रमजीवी दल के अविनाश भारती भाजजपा में शामिल

आर एल पाण्डेय लखनऊ। विधानसभा चुनाव के पहले उत्तर प्रदेश में शिवसेना को बढ़ा झटका लगा है। पार्टी के उपराज्य प्रमुख गौरव वर्मा ने शिवसेना से इस्तीफा देकर भारतीय जन–जन पार्टी का दामन थाम लिया है सोमवार को एक कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष महेश शुक्ला की अध्यक्षता में आयोजित कर इसकी औपचारिक घोषणा की गई। गोयल प्लाजा में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय जन–जन पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक मनीष महाजन ने गौरव वर्मा व अविनाश भारती को पार्टी की सदस्यता दिलाई। साथ ही गौरव वर्मा को लखनऊ मध्य विधानसभा क्षेत्र से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। गौरतलब है कि इससे पहले गौरव वर्मा शिवसेना में उपराज्य प्रमुख के तौर पर बागडोर सम्भाल रहे थे और उत्तर प्रदेश में शिवसेना का चुनावी अभियान सम्मालने की कमान उनके कन्धो पर भी थी। शिवसेना छोड़ने के बारे में गौरव वर्मा ने कहा कि उग्र राष्ट्रवाद ही उनका लक्ष्य है। ध्येय है कि प्रतिबद्धता है न कि क्षेत्रवाद या जातिवाद शिवसेना द्वारा महाराष्ट्र में हिन्दी भाषियों और यू०पी० बिहार के लोगों से भेद–भाव की खबरों से आहत होकर उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला लिया है। भारतीय जन–जन पार्टी में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता इस वक्त पेशेवर राजनेताओं के विकल्प की तलाश में है। जन–जन पार्टी के राष्ट्रवादी सिद्धान्त क्षेत्र से लेकर प्रदेश तक कि जनता को उन छोटी–बड़ी समस्याओं से निजात दिला सकते हैं, जिनके लिए आम जनमानस को नेताओं की चौखट




पर नाक रगड़नी पड़ती थी। जन–जन पार्टी आपका प्रतिनिधि आपके द्वार की कार्यशैली पर काम करती है, लिहाजा अब जनता को नेताओं को पास नहीं, जन–जन पार्टी के नेता हर जरूरत पर जनता के दरवाजे पर खड़े मिलेंगे और कन्धे से कन्धा मिलाकर उनका साथ देंगे। कार्यक्रम में गौरव वर्मा और मनीष महाजन के सैकड़ों समर्थको ने राजनीति में नया विकल्प पेश करने गली–गली घूमकर जनसमस्याओं के निराकर करने और राष्ट्रवाद की अलख जलाने की शपथ दोहराई। कार्यक्रम में गौरव वर्मा के अलावा श्रमजीवी दल के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश भारती ने भारतीय जन–जन पार्टी सदस्यता ली उन्हें राष्ट्र सचिव और गौरव वर्मा को कार्यकारणी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर भारतीय जन–जन पार्टी के पदाधिकारीगण जिसमें राष्ट्रीय सलाहकार दिनेश शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव शम्भूनाथ तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजित राम प्रजापति, प्रदेश संगठन मंत्री विनय सोनकर, प्रदेश सचिव कृष्ण मगन पाल आदि की मौजूदगी में सदस्यता दिलाई गई।पं. अनुराग मिश्र, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशुतोष मिश्र, मोहित मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## किसान ही यह तय करेंगे कि उनके साथ किसने किया धोखा – पंकज

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव के बयान पर बीजेपी ने पलटवार किया।अयोध्या पहुंचे केंद्रीय वित्त मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि किसान ही यह तय करेंगे कि उनके साथ किसने धोखा किया। वैश्विक महामारी के दौरान घर में दुबक कर बैठे लोग साढे 4 साल बाद अपने राजमहलों से निकल कर बाहर आए। जनता की दुख की घड़ी में ये लोग कहां थे। वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान मुख्यमंत्री आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में भ्रमण कर व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि किस से जनता को घबराहट हो रही है।केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में जो किसानों के लिए किया वह शायद ही किसी अन्य सरकार के कार्यकाल में हुआ। एक गरीब व्यक्ति को जीवन जीने के लिए सभी मूलभूत आवश्यकताओं की व्यवस्था मोदी सरकार ने सुगमता से उपलब्ध करा रहा है।बिजली गैस सिलेंडर मकान जैसी सुविधाओं को जनता के बीच उपलब्ध है।वही बिना भेदभाव के साथ सरकारी योजनाओं का जनता को लाभ मिल रहा है।सरदार पटेल की जयंती के कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी अयोध्या आये थे।

## जिलाध्यक्ष ने भाजपा सदस्यता अभियान शिविर का किया शुभारंभ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता अयोध्या) अमानीगंज मंडल के जाफरनगर में जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने भाजपा सदस्यता अभियान शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सर्वोन्मुखी विकास का वादा भी करती है और उन वादों को पूरा करती है कार्यकर्ताओं के सम्मान का भी पूरा ध्यान रखती है। भाजपा एक परिवार है, कार्यकर्ता ही उसकी पूंजी है। सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को जिलाध्यक्ष ने माला पहनाकर सम्मानित भी किया। राष्ट्रवादियों का अपमान करने वालों को जनता सबक सिखाएगी जिला अध्यक्ष ने कहा कि जिन्ना और जवाहरलाल नेहरू की महत्वाकांक्षा के कारण ही देश का बंटवारा हुआ. सरदार पटेल के साथ जिन्ना का गुणगान करना दुर्भाग्यपूर्ण है. प्रदेश में सत्ता पाने की बेताबी में अखिलेश राष्ट्रीय हितों की धज्जियां उड़ा रहे हैं. तुष्टिकरण को बढ़ावा देकर समाज को खंडित करने की कोशिश कर रहे हैं. उन्होंने आगे कहा कि जनता सरदार पटेल को नीचा दिखाने की कोशिश को बर्दाश्त नहीं करेगी. राष्ट्रवादियों का अपमान करने वालों को वर्ष 2022 में जनता सबक सिखाएगी इस दौरान मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,संतोष मिश्र, हरिओम,गंगादीन रावत,पवन गुप्ता,पवन पांडे, मौजूद रहे।

# चौथे दिन कुयें में मिला दीपावली से गायब युवक का शव : छानबीन में जुटी पुलिस

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र में दीपावली की देर रात्रि घर से निकले युवक का शव चौथे दिन सुबह गांव से डेढ़ किलोमीटर दूर सिवान में मौजूद एक कुएं में उतर आता हुआ मिला।इस शव की मिलने की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया वही परिजन दहाड़े मार कर रोने लगे।इस घटना की सूचना पर पहुंची हैदरगंज पुलिस कुएं से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया।इस घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर सीओ बीकापुर,एसपी ग्रामीण के अलावा एसटीएफ ,फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर घटना की बारीकियों से निरीक्षण किया।वही सूत्र के मुताबिक मृतक के परिजनों ने हत्या किए जाने की आशंका जताई है।मृतक का मोबाइल ,चप्पल व कंबल न मिल पाना भी पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है।इस घटना में कुछ स्पष्ट क्लू न मिलने के चलते पुलिस अभी हत्या व स्वाभाविक मौत के बीच उलझी हुई है।वही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के रहस्य से पर्दा उठ सकता है।पुलिस टीम कई बिंदुओं पर अपनी अलग–अलग टीमों के माध्यम से जांच कार्यवाही में पुलिस अधिकारियों के निर्देश में जुट गई है।मिली जानकारी के मुताबिक जिले के थाना हैदरगंज क्षेत्र में जाना बाजार के बढ़ैया निवासी बृजराज पुत्र रामकृष्ण सिंह 35 वर्षीय युवक दीपावली की देर रात्रि पूजा करने के बाद कंबल ओढ़ कर घर के बाहर टहलने के लिए निकला था।देर रात्रि तक वापस घर न आने पर परिजन उसे खोजना शुरू किए ।नात रिश्तेदारों के यहां भी ना मिलने पर शनिवार को बड़े भाई चंद भान सिंह ने थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी थी। तहरीर लेकर पुलिस जहां कार्यवाही में जुटी हुई थी।कि वही रविवार को सुबह गांव से दूर नदी के पास निर्जन सिवान में मौजूद एक कुएं में खेत में काम कर रहे किसानों ने शव को देखा। इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को हुई और देखते–देखते जंगल में आग की तरह फैल गई लोग देखने के लिए दौड़ पड़े।इस घटना की सूचना पर पहुंचे हैदरगंज थाना अध्यक्ष अश्वनी मिश्रा मय फोर्स के साथ भीड़ को नियंत्रित करते हुए हुए से शव को निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वही भीड़ को नियंत्रित करने में तारून थाने के दरोगा सुनील भी मैं फोर्स के साथ लगे रहे। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। घटना की सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी बृजभूषण तिवारी ,एसपी ग्रामीण ,एसओजी प्रभारी रतन कुमार शर्मा की टीम के साथ फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर ब्लड व अन्य नमूने लेकर जांच के लिए विधि प्रयोगशाला को भेजा।इस घटना के पीछे चर्चाओं का दौर जारी है।इस घटना को कोई स्पष्ट कारण न होने के चलते पुलिस अधिकारियों ने कई टीमें बनाकर विभिन्न कोणो पर जांच कार्यवाही शुरू की है।फिलहाल परिजनों द्वारा हत्या में किए जाने की आशंका के चलते चलते पुलिस पूरी तरह गंभीर है। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकता है।

# करंट की चपेट में आने से वायु सेना के जवान की मौत : दिल्ली में भर्ती पिता के दस्तावेज लेने आया था घर

बलिया ब्यूरो : बलिया जिले के बांसडीह कस्बे के वार्ड नौ में करंट की चपेट में आने से वायुसेना के जवान की मौत हो गई। वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती पिता के कुछ आवश्यक दस्तावेज लेने के लिए घर आया था। रविवार शाम इन्वर्टर ऑन करते वक्त करंट की जद में आ गया। आनन–फानन परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांसडीह ले गए। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा है। विवेक कुमार गुप्ता (19) पुत्र विनोद कुमार गुप्ता करीब दो साल पहले एयरफोर्स में भर्ती हुए थे। मां–बाप के इकलौते पुत्र थे। जैसलमेर के रामगढ़ एयरवेज पर तैनात थे। विवेक के पिता दिल्ली स्थित कमांड हॉस्पिटल में भर्ती हैं। पति के साथ विवेक की मां भी दिल्ली ही थी। दो बहनें बुलंदशहर में पढ़ाई करती हैं। विवेक अचानक किसी दस्तावेज के लिए रविवार शाम बांसडीह स्थित घर पहुंचे। इनवर्टर ऑन



करते वक्त करंट की जद में आ गए। गोरखपुर सब स्टेशन के अधिकारी एसएन चतुर्वेदी ने बताया कि वायुसेना के जवान विवेक गुप्ता का अंतिम संस्कार बलिया स्थित महावीर घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है।

# धर्मेंद्र प्रधान से मिलने पर अड़े छात्रनेताओं पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज : कई छात्रनेता हिरासत में

प्रयागराज ब्यूरो : इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित दीक्षांत समारोह के दौरान बड़ी संख्या में छात्रनेता छात्रसंघ बहाली की मांग को लेकर गुलाब का फूल लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिलने जा रहे थे। पुलिस ने छात्रों को आगे जाने से रोक दिया। इस पर छात्रों और पुलिस से तीखी नोकझोंक हो गई। पुलिस ने छात्रों को काबू में करने के लिए लाठीचार्ज कर दिया। इससे वहां भगदड़ मच गई। पुलिस ने कई छात्र नेताओं को हिरासत में ले लिया। समाजवादी पार्टी छात्र सभा से जुड़े छात्र 400 से अधिक दिनों से इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन पर अनवरत अनशन कर रहे हैं। सोमवार को विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्रनेता गुलाब का फूल लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिलने जा रहे थे। वह छात्रसंघ भवन से निकलकर कार्यक्रम स्थल सीनेट हाल की तरफ बढ़ रहे थे कि रास्ते में ही पुलिस ने उन्हें आगे जाने से रोक दिया। छात्र किसी भी दशा में धर्मेंद्र प्रधान से मिलने पर अड़े थे। पुलिस ने काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्रों का कहना है कि वह शांतिपूर्ण तरीके से गुलाब का फूल देकर गांधीगिरी के माध्यम से केंद्रीय मंत्री से छात्रसंघ बहाली की




मांग करेंगे, लेकिन पुलिस ने उनकी एक नहीं सुनी और उन्हें किसी भी दशा में आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी। इससे छात्रनेताओं और पुलिस में तीखी झड़प शुरू हो गई। मामला बिगड़ते देख पुलिस ने छात्रनेताओं पर लाठीचार्ज कर दिया। इससे वह कुछ देर के लिए भगदड़ मच गई। पुलिस ने कई छात्रनेताओं को हिरासत में ले लिया है। इस दौरान छात्रनेता छात्रसंघ बहाल करो आदि का नारा लगा रहे थे।

# महीने में एक–दो दिन ही आते हैं सोहावल के सप्लाई इंस्पेक्टर

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के तहसील सोहावल में तैनात आपूर्ति निरीक्षक विनोद कुमार यादव आरोप के मुताबिक महीने में एक–दो दिन ही सोहावल कार्यालय आते हैं।जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह आरोप लगाते हुए भाजपा नेता विक्रांत गोस्वामी ने बताया कि आपूर्ति निरीक्षक विनोद यादव के पास सोहावल के अलावा रुदौली का भी चार्ज है। इस कारण वह अक्सर जिला मुख्यालय पर ही बैठे रहते हैं तथा आवश्यक काम पड़ने पर जब लोग तहसील सोहावल में स्थित आपूर्ति कार्यालय पर उनसे मिलने जाते हैं तो वे अपने ऑफिस में कभी नहीं मिलते। फोन पर पूछने पर वह कभी जिला मुख्यालय तो कभी रुदौली में होने का बहाना बताते हैं। विक्रांत गोस्वामी के अनुसार आपूर्ति निरीक्षक ने यदि अपना रवैया न बदला तो शीघ्र ही उनकी शिकायत जिलाधिकारी से लिखित रूप से की जाएगी। इस बारे में जब एसडीएम सोहावल जय जीत कौर मिश्र से जब जानकारी चाही गई तो उनका फोन नहीं उठा।

# चाइनीज मांझे से की चपेट में आए दंपती : पति की मौके पर गई जान

प्रयागराज ब्यूरो : लगातार हादसों की वजह बन रहा चाइनीज मंझा रविवार को निर्दोष मो. अफरोज(26) के लिए काल बन गया। बाइक से घर लौटते वक्त चाइनीज मंझे की चपेट में आने से उसका गला कट गया। गंभीर हालत में उसे एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जहां कुछ देर बाद उसने दम तोड़ दिया। हादसे के दौरान बाइक पर बैठी पत्नी भी जख्मी हुई। पुलिस का कहना है कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। लिखापढ़ी के बाद उन्हें शव सौंप दिया गया। अफरोज गाड़ी चलाता था और गुजरात में रहता था। करीब हफ्ते भर पहले ही वह कोरांव के बड़ोखर स्थित अपने मूल निवास



लौटा था। पुलिस के मुताबिक, रविवार को वह अपनी पत्नी खुर्शीदा के साथ शहर स्थित अस्पताल में आया था। दवा लेकर दोपहर ढाई बजे के करीब वह बाइक से पत्नी को लेकर घर लौटने लगा। साथ में दूसरी बाइक से उसका साढ़ू मुराद भी था। अभी वह नए यमुना पुल पर पहुंचे थे कि तभी चाइनीज मंझा उसके और खुर्शीदा के गले में लिपट गया। जब तक वह बाइक रोकता, उसके गले में गहरा जख्म हो गया था। बाइक रुकते ही वह सड़क पर गिर पड़ा। राहगीरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे एसआरएन अस्पताल ले गई। उसके गले से लगातार खून बह रहा था। इलाज के दौरान कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। सूचना पर पिता हयात व अन्य परिजन भी आ गए और रोने–बिलखने लगे। कीडगंज इंस्पेक्टर रमेश चौबे ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम नहीं कराना चाहते थे। ऐसे में शव उनके सुपुर्द कर दिया गया। 19 महीने में ही उजड़ गया सुहाग। अफरोज की मौत के बाद उसकी पत्नी खुर्शीदा फूट–फूटकर रोती रही। गंभीर रूप से जख्मी शौहर को देखकर उसके आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। पिछले साल मार्च में ही उसका निकाह हुआ था। हफ्ते भर पहले ही पति घर आया था, जिसके बाद वह बेहद खुश थी। हादसे की खबर मिलने के बाद घर के बाहर जुटे ग्रामीण चर्चा करते रहे कि शायद किस्मत को उसकी खुशी मंजूर नहीं थी। हादसे दर हादसे, नहीं जाग रही पुलिस। चाइनीज मंझे की बिक्री व इस्तेमाल पर कोर्ट की ओर से रोक है, इसके बावजूद शहर में धड़ल्ले से इसका उपयोग हो रहा है। लगातार हो रहे हादसे इसका प्रत्यक्ष सबूत हैं लेकिन पुलिस की नींद नहीं टूट रही है। हर हादसे के बाद दुकानों में जांच कर पुलिस यह दावा करती है कि कहीं चाइनीज मंझा बिकता नहीं मिला। सवाल यह है कि जब शहर में चाइनीज मंझा बिक ही नहीं रहा तो आखिर इसकी वजह से हादसे कैसे हो रहे हैं। ढाई महीने पहले भी हुई थी मौत, नहीं लिया सबक। नए यमुना पुल पर करीब ढाई महीने पहले भी चाइनीज मंझे ने एक युवक की जान ली थी लेकिन कीडगंज पुलिस ने इससे सबक नहीं लिया। 29 जुलाई को सिविल लाइंस निवासी 38 वर्षीय तीरथनाथ की नए पुल पर चाइनीज मंझे की चपेट में आने से मौत हो गई थी। नए पुल के साथ ही अलोपीबाग फ्लाईओवर, मेडिकल चौराहा ओवरब्रिज, पानी की टंकी ओवरब्रिज पर लगातार हादसे हो रहे हैं। लेकिन पुलिस लापरवाह बनी हुई है। पतंग व मंझे की दुकानों पर छापेमारी की जा रही है। कहीं चाइनीज मंझा बिकता मिला, तो संबंधित के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी। – दिनेश कुमार सिंह, एसपी सिटी

सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / **R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।